अथवा

कहानी-कला के आधार पर 'सत्य का मूल्य' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

उस पत्नी से क्या होगा जो खाली पतिव्रता हो। मुझे चाहिए कि एक प्रतिभा भी हो जो पतिव्रता चाहे हो न हो, पर अटूट हो, जो विपत्तियों में ऐसे चमके जैसे घोर घन में बिजली।

अथवा

उसका हृदय उसे बताता था कि वह आदमी हरिप्रसन्न जितना है उतना ही नहीं है। साहसिक हो, पर भीरु भी है। निश्चित दीखता है, पर वेदना से अछूता भी नहीं है।

★★★





**2018**

HINDI

( Elective )

**( Hindi Katha Sahitya )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) सन् 1915 ई० में 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशित प्रेमचंद की पहली हिन्दी कहानी का नाम क्या है?

(ख) 'शरणदाता' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

(ग) 'वारिस' शीर्षक पठित कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(घ) 'हाड़ीराम' किस कहानी का पात्र है?

(ङ) 'श्रावस्ती-दुर्ग' का नाम किस पठित कहानी में आता है?

(च) 'प्रेम-तरु' कहानी के रचयिता कौन हैं?

(छ) नई कहानी के समर्थ रचनाकार भीष्म साहनी का जन्म कहाँ हुआ था?

(ज) 'इनसान के खंडहर' किसका कहानी-संग्रह है?

(झ) 'शीलभद्र' का मूल नाम क्या है?

(ञ) 'सुनीता' के अलावा जैनेन्द्र कुमार रचित एक अन्य उपन्यास का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'फूल का जीवन' कहानी में कहानीकार ने 'फूल' को किसके प्रतीक के रूप में स्वीकार किया है?

(ख) हिन्दी कहानी के विकास में किन दो पत्रिकाओं का विशेष योगदान रहा है?

(ग) "जयचंद को ऐसा प्रतीत हुआ, मानो यह पौधा न था, प्रकृति का अद्‌भुत चमत्कार था।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रेमचंद द्वारा मूल रूप से हिन्दी में लिखित पहला उपन्यास कौन-सा है? इसका प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(ङ) श्रीकांत की दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'सुनीता' उपन्यास की भाषा-शैली पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) "'वारिस' कहानी आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था के खोखलेपन को उजागर करती है।" संक्षेप में विवेचन कीजिए।





(ग) "'पुरस्कार' कहानी मुख्यतः भावना और कर्तव्य के द्वंद्व पर आधारित है।" विवेचन कीजिए।

(घ) 'दिनांक' के व्यक्तित्व की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) हिन्दी कहानी के विकास में कमलेश्वर के योगदान पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(च) मनोवैज्ञानिक कहानीकार के रूप में सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की प्रतिष्ठा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10×4=40

(क) 'सुनीता' उपन्यास के आधार पर जैनेन्द्र कुमार के स्त्री-संबंधी दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'सुनीता' की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) "'खून का रिश्ता' पारिवारिक और सामाजिक संबंधों का विश्लेषण करने वाली एक मार्मिक कहानी है।" पठित कहानी के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

"'भय' कहानी में महानगरीय त्रासदी का एक विषम रूप उपस्थित हुआ है।" विश्लेषण कीजिए।

(ग) "'कैम्पस' आधुनिक जीवन के बनावटीपन पर आधारित कहानी है।" पठित कहानी के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।